Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 28-07-2006
Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal,Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Streamlining of telephone services in Alwar district of Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मैं, मेरे लोकसभा क्षेत्र अलवर में टेलीफोन सेवाओं में निरंतर आ रही गिरावट की ओर माननीय दूरसंचा मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा। गत एक-डेढ़ सालों से चल रहे जिले के टेलीफोन विभाग के शिथिल पड़े प्रसाशन से पहले से ही दूरसंचार सेवाओं में काफी खराबियां थीं। लेकिन हाल की बारिस ने उसे और खराब कर दिया है। जगह-जगह टेलीफोन के खंबे टूट गए हैं। नतीजा यह है कि लोग दूरसंचार की सेवाओं से महरूम हैं।

इस क्षेत्र की मोबाइल सेवाओं की निरंतर शिकायत रही है, जिले के पहाड़ी क्षेत्र थानागाजी तहसील के नागरिक तो आज पचास सालों के बाद भी आज दूरसंचार सेवाओं से महरूम हैं। थानागाजी क्षेत्र के आगर ग्राम के लगभग 150 लोगों के द्वारा फाइलें जमा कराने के बाद यहां टेलीफोन एक्सचेंज नहीं लग पाया है। डब्ल्यूएलएल सेवाओं का प्रावधान किया गया, लेकिन उनके इंस्ट्रूमेंट घरों में खराब पड़ें हैं। लोग इस बात की शिकायतें लेकर टेलीफोन विभाग के पास जाते हैं, लेकिन कोई उनकी बात को सुनने वाला नहीं cè[c78]।

मैं निवेदन करना चाहूंगा कि थाना गाजी क्षेत्र जो पहाड़ी क्षेत्र है, उस क्षेत्र के ग्राम आगर, ब्राह्मणवास चौगान, किशोरी, गोलाकावास, प्रतापगढ़, अजबगढ़, भानगढ़, थाना गाजी, इन क्षेत्रो में नए मोबाइल टावर प्रस्तावित हैं लेकिन प्रशासनिक शिथिलता की वजह से यह कार्य चालू नहीं हो पा रहा है। अतः दूर संचार मंत्री जी से निवेदन है कि अलवर जिले के बीएसएनएल ढांचे का परीक्षण करवाएं और देखें कि उस समूचे क्षेत्र में टेलीफोन सेवाओं में सुधार हो, खास तौर पर पहाड़ी क्षेत्र थाना गाजी और राजगढ़ जैसे पिछड़े क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं को शीघ्र से शीघ्र प्रारंभ करने की कृपा करें। धन्यवाद।...(व्यवधान)

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, मैं अलवर का रहने वाला हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बैठिए। आपकी बोलने की बारी आएगी।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : क्या आप उनके साथ एसोसिएट कर रहे हैं?

श्री गिरधारी लाल भार्गव : जी हां। मैं अलवर का रहने वाला हूं, इसलिए कर रहा हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है, आपका नाम भी उनके साथ एसोसिएट किया जाता है।